## अधि०अभि० / मु०वि०अधि० / जिलाधिकारी / महोदया,

कृपया दिनांक 28–04–2023 को अपरान्ह 12:30 बजे महोदया की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 व फेज–3 के अन्तर्गत फर्म मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि० एवं फर्म बी०जी०सी०सी०पी०एल० रामकी (जे०वी०), दिल्ली द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी एवं जल जीवन मिशन कार्यक्रम के कियान्वयन हेतु सूचीबद्व आई०एस०ए० अशर्फी ग्रामोद्योग संस्थान, अलीगढ़ द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के कियान्वयन हेतु कराये गये प्रचार–प्रसार संबंधी कार्यों के भुगतान हेतु आई०एस०ए० द्वारा किये गये कार्यों के सत्यापन के लिए जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में निम्न अधिकारीगण / फर्म प्रतिनिधि उपस्थित रहे :–

1. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
2. सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस।
3. सहायक अभियन्ता, एस०डब्ल्यू०एस०एम० (आउटसोर्स)।
4. डी०पी०एम०, आरवी एसोसियेट (टी०पी०आई०), हाथरस।
5. जिला समन्वयक, मै० मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट (डी०पी०एम०यू०), हाथरस।
6. परियोजना निदेशक, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०,अलीगढ।
7. ए०जी०एम०, मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल०रामकी (जे०वी०), हाथरस।
8. प्रतिनिधि, अशर्फी ग्रामोद्योग संस्थान,(आई०एस०ए०), अलीगढ़।
9. प्रतिनिधि, सेफ अप्रोच संस्थान,(आई०एस०ए०), दिल्ली।

आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निम्न बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी :–

1. **<u>ट्यूबैलों की समीक्षा</u>** :– अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि० द्वारा जनपद में 28 नग पेयजल योजनाओं हेतु आवश्यक ट्यूबैलों में से मात्र 58 स्थानों पर ट्यूबैल का कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से 45 स्थानों पर कम्प्रेसर लगाया गया है और 36 स्थानों ओ०पी० यूनिट लगा कर नलकूप बोरिंग का कार्य डब्लप्मेंट सहित पूर्ण किया गया है ओर फर्म को बार–बार निर्देश प्रदान किये जाने के उपरान्त भी रिंग मशीनों की संख्या नहीं बढ़ायी गयी है। वर्तमान में फर्म द्वारा मात्र 02 रिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है जबकि निर्धारित अवधि में नलकूपों के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए कम से कम 08 नग रिंग मशीनों की आवश्यक्ता है, जिस पर महोदया द्वारा कडी नारजागी व्यक्त की गयी और बैठक में उपस्थित फर्म के परियोजना निदेशक को शीघ्र ही रिंग मशीनों की संख्या बढ़ाते हुए निर्धारित अवधि में शेष बचे सभी नलकूपों को पूर्ण रूप से तैयार कराने के निर्देश प्रदान किये गये।

   तत्पश्चात अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु मै० बी०जी०सी०सी०पी०एल०रामकी (जे०वी०), दिल्ली द्वारा जनपद में 252 नग पेयजल योजनाओं पर 363 नग ट्यूबैलों का निर्माण कराया जाना है, जिसके सापेक्ष मात्र 35 स्थानों पर ट्यूबैल का कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से 13 स्थानों पर कम्प्रेसर लगाया गया है और 06 स्थानों ओ०पी० यूनिट लगा कर नलकूप बोरिंग का कार्य डब्लप्मेंट सहित पूर्ण किया गया है। वर्तमान में फर्म द्वारा मात्र 17 रिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है जबकि निर्धारित अवधि में नलकूपों के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए कम से कम 55 नग रिंग मशीनों की आवश्यक्ता है, जिस पर महोदया द्वारा कडी नारजागी व्यक्त की गयी और बैठक में उपस्थित फर्म के ए०जी०एम० को शीघ्र ही रिंग मशीनों की संख्या बढ़ाते हुए निर्धारित अवधि में शेष बचे सभी नलकूपों को पूर्ण रूप से तैयार कराने के निर्देश प्रदान किये गये।
2. **<u>शिरोपरि जलाशयों (ओ०एच०टी०)की समीक्षा</u>** :–अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि० द्वारा जनपद में **28** नग पेयजल योजनाओं पर **81 नग ओ०एच०टी०** पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा मात्र **09 स्थानों** पर कार्य प्रारम्भ किया गया है,

जबकि फर्म को शिरोपरि जलाशयों के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए प्रति सप्ताह **20 शिरोपरि जलाशयों** पर कार्य कराया जाना है। महोदया द्वारा शिरोपरि जलाशयों की अत्यन्त ही धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुऐ कठोर शब्दों में बैठक में उपस्थित फर्म के परियोजना निदेशक को शीघ्र ही सभी शिरोपरि जलाशयों पर कार्य तीव्र गति से कराये जाने के निर्देश दिये। साथ महोदया द्वारा 28 नग पेयजल योजनाओं के संचालन के विषय में भी अवगत कराने को कहा गया, जिस पर फर्म के परियोजना निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि 12 पेयजल योजनाओ पर पानी की आपूर्ति की जा रही है। शेष पेयजल योजनाओं पर विद्युत संयोजन न होने के कारण आपूर्ति नहीं की जा रही है एवं 28 स्थानों पर पम्प लगा दिये गये हैं और 08 स्थानों पर विद्युत संयोजन हेतु धनराशि भी जमा कर दी गयी है किन्तु विद्युत संयोजन न होने के कारण पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिस पर महोदया द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रा0) को निर्देश प्रदान किये गये कि ऐसी पेयजल योजनओं की सूची तैयार कर जहां पर विद्युत संयोजन नहीं हो पा रहे हैं अधिशासी अभियन्ता, हाइडिल को पत्र लिखा जाये। साथ ही फर्म के परियोजना प्रबन्धक को यह निर्देश प्रदान भी किये गये कि प्रत्येक दशा में माह-मई, 2023 के अन्त तक सभी पेयजल योजनाओं पर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करायी जाये।

तत्पश्चात अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली द्वारा जनपद में **252** नग पेयजल योजनाओं पर **259 नग ओ0एच0टी0** पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सपेक्ष फर्म द्वारा मात्र **07 स्थानों** पर कार्य प्रारम्भ किया गया है, जबकि फर्म को शिरोपरि जलाशयों के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए प्रति सप्ताह **32 नग** शिरोपरि जलाशयों पर कार्य कराया जाना है फर्म द्वारा पेयजल योजनाओं के संचालन हेतु 220 सोलर प्लान्ट लगाये जाने हैं, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अभी तक सोलर प्लान्टों की आपूर्ति नहीं की गयी है, जिस पर महोदया द्वारा उक्त के विषय में अवगत कराने हेतु फर्म के ए0जी0एम0 को कहा गया, जिस पर ए0जी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि माह जून, 2023 के प्रथम सप्ताह, तक पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। महोदया द्वारा शिरोपरि जलाशयों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुऐ बैठक में उपस्थित फर्म के ए0जी0एम0 को शीघ्र ही सभी शिरोपरि जलाशयों के कार्य को तीव गति से पूर्ण करने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुऐ निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्य कराया जाने के निर्देश प्रदान किये गये एवं पेयजल योजनाओं के संचालन हेतु उर्जीकरण हेतु सोलर प्लांट की आपूर्ति शीघ्र ही करने को कहा और यह भी निर्देश दिये कि जब तक सोलर प्लान्ट की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन नहीं हो रहा है तब तक डी0जी0 सैट लगाकर पेयजल योजना को चलाया जायें और प्रत्येक दशा में माह मई में कम से कम 25 पेयजल योजनाओं पर पेयजल आपूर्ति सूचारू की जाये।

3. **<u>वितरण प्रणाली की समीक्षा :-</u>** अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-2 के अन्तर्गत मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0 द्वारा जनपद में 28 नग पेयजल योजनाओं पर **826 कि0मी0** वितरण प्रणाली बिछायी जानी है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक **मात्र 511** कि0मी0 वितरण प्रणाली ही बिछायी गयी है और फर्म द्वारा वितरण प्रणाली बिछाये जाने के उपरान्त वितरण प्राणाली बिछाने हेतु तोडे गये मार्गों की पुर्नस्थापना का कार्य नहीं कराया जाता है, जिस कारण स्थानीय लोगों को असुविधा होती है, जबकि विगत समीक्षा बैठकों में फर्म को कडे निर्देश प्रदान किये जाते रहे हैं कि वितरण प्रणाली बिछाने हेतु तोडी गयी सडकों की पुर्नस्थापना का कार्य समय से करें, किन्तु फर्म द्वारा सडकों की पुर्नस्थापना का कार्य समय से नहीं कराया जा रहा है, जिस पर महोदया द्वारा कडी नाराजगी व्यक्त की गयी और बैठक में उपस्थित फर्म के परियोजना निदेशक को कडे निर्देश प्रदान किये कि तोडे गये सभी मार्गों को तत्काल ठीक कराना सुनिश्चित करें।

तत्पश्चात अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज-3 के अन्तर्गत मै0 बी0जी0सी0सी0द पी0एल0 रामकी (जे0वी0), दिल्ली द्वारा जनपद में **252** नग पेयजल योजनाओं पर **2668 कि0मी0** वितरण प्रणाली बिछायी जानी है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक **मात्र 111** कि0मी0 वितरण प्रणाली ही बिछायी गयी है, जिस पर महोदया द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी और बैठक में उपस्थित फर्म के ए0जी0एम0 को प्रगति बढ़ाने हेतु कडे निर्देश प्रदान किये और यह निर्देश भी प्रदान किये गये कि तोडे गये सभी मार्गों को तत्काल अवश्य ठीक कराना सुनिश्चित करें।

4. **गृह जल संयोजनों की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0 द्वारा माह–जुलाई एवं अगस्त, 2023 तक निर्धारित एफ0एच0टी0सी0 के लक्ष्य **46023** के सापेक्ष वर्तमान तक **मात्र 21970** एफ0एच0टी0सी0 कराये गये हैं। फर्म द्वारा अवशेष बचे लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए कम से कम **1400** एफ0एच0टी0सी0 **प्रति सप्ताह किये जाने हैं**, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा लगभग **300–350 एफ0एच0टी0सी0** प्रति सप्ताह ही किये जा रहे हैं, जो कि अत्यन्त कम हैं, जिस पर महोदया द्वारा कडी नारजागी व्यक्त करते हुए फर्म के परियोजना निदेशक को श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुऐ द्रुत गति से कार्य कराया जाने के निर्देश प्रदान किये। साथ ही यह भी निर्देश प्रदान किये गये कि सभी गृह जल संयोजनों को घरों के अन्दर तक किया जाये कोई भी संयोजन घरों के बाहर तक न छोडा जाये।

तत्पश्चात अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 के अन्तर्गत मै0 बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी (जे0वी0) द्वारा माह मार्च– 2024 तक **160486** एफ0एच0टी0सी0 के लक्ष्य को पूर्ण किया जाना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक **मात्र 4155 एफ0एच0टी0सी0** कराये गये हैं। फर्म द्वारा अवशेष बचे लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए कम से कम **3000 एफ0एच0टी0सी0 प्रति सप्ताह किये जाने हैं**, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा लगभग **1150–1200 एफ0एच0टी0सी0 प्रति सप्ताह** ही किये जा रहे हैं, जो कि अत्यन्त कम हैं, जिस पर महोदय द्वारा कडी नारजागी व्यक्त करते हुए फर्म के परियोजना निदेशक को श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुऐ द्रुत गति से कार्य कराया जाने के निर्देश प्रदान किये। साथ ही यह भी निर्देश प्रदान किये गये कि सभी गृह जल संयोजनों को घरों के अन्दर तक किया जाये कोई भी संयोजन घरों के बाहर तक न छोडा जाये।

5. **मार्ग पुर्नस्थापना की समीक्षा** :–महोदया द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने हेतु तोडे गये मार्गों की स्थिति की समीक्षा की गयी, जिस पर बैठक में उपस्थित जिला परियोजना प्रबन्धक,टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0 द्वारा तोडे गये मार्गों को ठीक कराने का कुल प्रतिशत 38 है, जो कि अत्यन्त कम है। फर्म द्वारा ठीक किये गये मार्गों का विवरण निम्न प्रकार है :–

| क0सं0 | मार्ग का प्रकार | तोडे गये मार्ग की लम्बाई (कि0मी0) | ठीक किये गये मार्ग की लंबाई (कि0मी0) | ठीक किये गये मार्ग का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इन्टरलॉकिंग | 130 | 59 | 45 |
| 2 | बी0ओ0ई0 | 80 | 30 | 40 |
| 3 | बी0टी0 | 02 | 0 | 0 |
| 4 | सी0सी0 | 32 | 03 | 9 |

जिस पर महोदया द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी बैठक में उपस्थित फर्म के परियोजना निदेशक को कडे निर्देश प्रदान किये गये शीघ्र ही तोडे गये मार्गों को ठीक कराना सुनिश्चत करें और अधिशासी अभियन्ता को निर्देश प्रदान किये गये कि यदि फर्म द्वारा मार्ग पुर्नस्थापना के कार्य में तेजी नहीं लायी जाती है तो इनके विरूद्व कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाये। तत्क्रम में महोदया द्वारा फर्म बी0जी0सी0सी0पी0एल0 रामकी जे0वी0 के ए0जी0एम0 को भी यह निर्देश प्रदान किये गये वितरण प्रणाली बिछाने हेतु तोडे गये सभी मार्गों को तत्काल मोटरेबल किया जाये और निर्धारित अवधि के अन्तर्गत उन्हें पूर्ण रूप से ठीक किया जाये।

6. **आई0ए0ए0 द्वारा प्रस्तुत बिलों की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हाथरस द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के सफल कियान्वयन हेतु जन–जागरूकता कार्यक्रम किये जाने एवं अन्य गतिविधियों हेतु जनपद में 02 आई0एस0ए0 यथा–1 अशर्फी ग्रामोद्योग

(14) (14)

संस्थान, अलीगढ़, 2– सेफ अप्रोच, दिल्ली को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सूचीबद्ध किया गया है। दोनों आई0एस0ए0 द्वारा उन्हें आबंटित क्लस्टारों के अनुसार जल जीवन मिशन के सफल कियान्वयन संबंधी कार्य किये गये हैं, जिस हेतु उनके द्वारा (फेज–1 मोबिलाइजेशन एण्ड इम्प्लीमेंटेशन) के भुगतान हेतु कमशः रू0 1577125.00(पन्द्रह लाख सतत्तर हजार एक सौ पच्चीस रूपये मात्र) एवं रू0 170000.00 (सत्रह लाख रूपये मात्र) के पृथक– पृथक बिल प्रस्तुत किये गये हैं। शासनादेश सं0–65/2022/3396/ छियत्तर–1–2022 –03 सम/नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, दिनांक 03, अक्टूबर, 2022 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार प्रस्तुत बिलों का भुगतान जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में उनके द्वारा कराये गये कार्यों के सत्यापन के उपरान्त महोदया के अनुमोदोपरान्त खण्ड कार्यालय स्तर से किया जायेगा, जिस पर महोदया द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को आई0एस0ए0 द्वारा कराये गये कार्यों को सत्यापित कराये जाने हेतु पत्र लिखने के निर्देश प्रदान किये और साथ, ही यह भी निर्देश प्रदान किये गये कि बिना सत्यापन कराये आई0एस0ए0 का कोई भी भुगतान नहीं किया जाये। साथ ही भविष्य में आई0एस0ए0 द्वारा की जाने वाली गतिविधयों के आयोजन से पूर्व सूचना जिला प्रशासन को दी जाये एवं संबंधित खण्ड विकास अधिकारी और संबंधित सहायक विकास अधिकारी को आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में आमंत्रित/उपस्थिति सुनिश्चित की जाये।

आयोजित बैठक का कार्यवृत्त महोदय की ओर से जारी किया जा रहा है, जिसका कार्यवृत्त आलेख पत्रालवी में दाहिनी ओर रक्षित हैं। कृपया अवलोकन कर सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

(मो0 इमरान)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0जल निगम (ग्रा0)
हाथरस

3/5/23
CDO.

जिलाधिकारी
हाथरस
4/05/2023